दिनांक–09.06.2024 समय–2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–शपथ ग्रहण समारोह

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम सवा सात बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनकी मंत्रिपरिषद् को भी आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। इससे पूर्व, श्री मोदी ने अपने दिल्ली आवास पर चाय पर चर्चा का आयोजन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर, निर्मला सीतारामन, नितिन गड़करी, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और किरेन रिजिजू शामिल थे। लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास गुट के प्रमुख चिराग पासवान ने भी प्रधानमंत्री से आवास पर मुलाक़ात की है। शपथ ग्रहण के पहले आज मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि–स्थल राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि–स्थल सदैव अटल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर भी फूल चढाए।

मुख्यमंत्री–नेमावर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज देवास जिले के नेमावर में नर्मदा घाट पर जल–गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने घाट पर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होने जन समूह से जल बचाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास जिले में लगभग 05 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि से लगभग 3078 जल संरचनाओं के जीर्णोद्वार के कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें नगरीय क्षेत्र में लगभग 01 करोड़ 78 लाख की राशि से 650 संचनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए साथ ही लगभग 01 करोड़ 68 रुपए की राशि से लगभग 2400 से अधिक जल संरचनाओं का गहरीकरण व साफ–सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में 196 पुराने तालाब, 105 स्टॉप डेम 172 कुएं–बावड़ियां व अन्य जल स्त्रोतों पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर खातेगांव कन्नौद के विधायक आशीष शर्मा भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री ने यहां महाभारत कालीन श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना की तथा प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। श्री यादव ने क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की जीत पर बधाई भी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री शाजापुर जिले के शुजालपुर में आयोजित 'वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम' में भी शामिल हुए।

जल गंगा संवर्धन अभियान–आगरमालवा

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगरमालवा जिले में तालाबों को बढ़ावा देने एवं रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने हेतु कल जनपद पंचायत में सरपंच सचिव एवं कृषकों की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें किसानों को खेत तालाब योजना के बारे में जानकारी देकर अधिक से अधिक खेत तालाब का निर्माण करवाने के लिए प्रेरित किया।

पीएससी

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग आज "सहायक प्राध्यापक परीक्षा–2022" का आयोजन कर रहा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, रीवा, सागर, शहडोल और उज्जैन संभागीय और जिला मुख्यालयों पर आयोजित यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा के माध्यम से प्रदेश सरकार आठ विषयों के 826 पदों पर सहायक प्राध्यापकों की भर्ती करेगी। इसमें सर्वाधिक बॉटनी के 126 पद हैं।

अवैध उत्खनन–रीवा

रीवा में टमस नदी से रेत का अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन व पुलिस ने कार्रवाही की है। तहसीलदार और पुलिस ने की टीम ने दबिश देकर तीन ट्रैक्टर जब्त किए त्यौंथर तहसील से निकलने वाली टमस नदी में लंबे समय से रेत का अवैध उत्खनन चल रहा था जिसको रोकने पुलिस और प्रशासन

क्रिकेट विश्वकप

आईसीसी पुरुष टी20 विश्‍व कप क्रिकेट में आज भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8:00 बजे शुरू होगा। प्रतियोगिता में भारत अपना पहला मैच आयरलैंड से जीत चुका है। वहीं पाकिस्तान को पहले मैच में अमेरिका से हार का सामना करना पड़ा। विष्वकप के एक अन्य मैच में आज वेस्टइंडीज ने यूगांडा को 134 रनों से हरा दिया। प्रतियोगिता में ओमान और स्काटलैंड के बीच मुकाबला आज रात साढ़े दस बजे से खेला जाएगा।

ने संयुक्त कार्यवाही की गई। तीन ट्रेक्टर चालको के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच अब आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है। भोपाल, छिंदवाड़ा, बड़वानी समेत कई जिलों में कल बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत प्रदेश के 38 जिलों में आंधी, बारिश और गरज–चमक का अलर्ट जारी किया है। रतलाम, छिंदवाड़ा में ऑरेंज अलर्ट है। उधर, निवाड़ी, दतिया में गर्मी का असर बना रहेगा। इस बीच सबसे गर्म शहरों में खजुराहो, रीवा, सिंगरौली, सीधी, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर, नौगांव, ग्वालियर और सतना भी शामिल रहे। खजुराहो–रीवा में 43.6 डिग्री, सिंगरौली में 43.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।